वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 16 मई 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु अग्रणी भूमिका के लिए तैयार हों युवा : अभाविप

कोरोना वायरस के विरूद्ध लड़ रहे भारत को आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी भारत बनाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद असीम शक्ति से संपन्न देश के युवाओं का आवाह्न करती है।

परिस्थितिजन्य तालाबंदी की स्थिति में अनेक श्रमिक बंधु पैदल ही घर की ओर प्रस्थान कर रहे हैं, ऐसी परिस्थिति में उनकी सहायता करना हमारा दायित्व है। अतः अभाविप देश के युवा वर्ग से यह भी आह्वान करती है कि वे अपने स्थानों पर श्रमिक बन्धुओं के आहार और विश्राम की व्यवस्था करे तथा स्थानीय स्तर पर सरकार द्वारा निर्धारित अधिकारियों से संपर्क कर श्रमिक बन्धुवों को उनके गंतव्य तक पहुचाने में सहयोग करें।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्र सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी के बीच राहत हेतु 20 लाख करोड रुपए की धनराशि आवंटन के कदम को महत्वपूर्ण मानते हुए आम आदमी, मज़दूरों, किसानों, लघु, सूक्ष्म और मध्यम वर्ग के व्यवसायों के हित में अन्य कई महत्वपूर्ण बदलावों हेतु केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करती है। कोरोना से उभरने के उपरांत दुनियाभर में आने वाले नये आयाम और बदलावों के लिये हमें तैयार रहना होगा।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "कोविड-19 महामारी के उपरांत कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव आने की संभावना है, ऐसे में एक बड़े युवा संख्या वाले देश के रूप में भारत को वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनकर ही हम युवा भारत का कल्याण कर सकते हैं, ऐसे में महामारी के उपरांत नई परिस्थितियों के लिए हमें सजग रहना चाहिए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)